कार्यालय परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना भैरमगढ़,जिला–बीजापुर(छ०ग०)

क्रमांक / 739 / एकी.बा.वि. / कार्य.सहा.भर्ती / 2026–27 भैरमगढ़ दिनांक 26 / 10 / 2026

विज्ञापन

आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना

एतद् द्वारा सूचित जाता है कि एकीकृत बाल विकास परियोजना भैरमगढ़ के निम्न दर्शित अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र में सहायिका पद रिक्त होने के कारण इस पद पर नियुक्ति की जानी है। ऑनलाईन नियुक्ति हेतु **आवेदन ऑनलाईन पोर्टल https://aww.e-bharti.in/ के माध्यम से प्रारंभिक तिथि 26 / 10 / 2026 से 09 / 11 / 2026 तक ऑनलाईन फार्म भरा जा सकता है। विस्तृत जानकारी ई–भर्ती पोर्टल https://aww.e-bharti.in/** व कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

क्र.	आंगनबाड़ी केन्द्र का नाम	ग्राम पंचायत	रिक्त पद का नाम	रिक्त पद की संख्या
1	धर्मा	बैल	आं.बा.सहायिका	1
2	बिरियाभूमि	बिरियाभूमि	आं.बा.सहायिका	1

आवेदन किये जाने हेतु आवश्यक अर्हताएं निम्नानुसार हैः–

1. आंगनबाड़ी सहायिका का पद पूर्णतः मानसेवी, अस्थाई एवं अशासकीय पद है। सेवा से पृथक संबंधी कोई भी न्यायालयीन प्रकरण मान्य नहीं होगा। आंगनबाड़ी सहायिका को शासन द्वारा निर्धारित मानदेय प्रतिमाह दिया जावेगा।
2. आंगनबाड़ी सहायिका के पद के लिये आयु सीमा 18 वर्ष से 44 वर्ष के मध्य होगी। आयु की गणना आवेदन आमंत्रित करने की सूचना जारी होने की तिथि से की जावेगी। सेवा की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी।
3. आवेदिका उसी **ग्राम** की स्थायी निवासी होना चाहिए जिस **ग्राम** में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है।
4. निवासी होने के प्रमाण में (I) ग्राम / नगरीय क्षेत्र की अद्यतन मतदाता सूची में दर्ज नाम एवं नगरीय क्षेत्र होने पर संबंधित वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसके क्रमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जावे अथवा (II) नगरीय निकायों में की जाने वाली नियुक्ति में वार्ड पार्षद अथवा पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें वार्ड एवं ग्राम में निवासरत रहने का पता स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जावेगा।

   टीपः–यदि किसी आवेदक के निवास के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उस आवेदक के निवास के सत्यापन हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास संबंधी प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा।

आवेदिका का न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होनी चाहिएः–

आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु	8वीं बोर्ड उत्तीर्ण

टीपः–उपरोक्तानुसार शहरी / ग्रामीण / आदिवासी परियोजना को आवेदिका न मिलने पर सहायिका पद हेतु शैक्षणिक योग्यता शिथिल मानकर 5वीं बोर्ड रखी जावेगी। उपरांत भी आवेदिका न मिलने पर शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रावधान शिथिल कर कम शैक्षणिक योग्यता वाली आवेदन पर विचार किया जावेगा।

पेज.....2

5. शैक्षणिक प्रमाण पत्र विज्ञापन जारी के पूर्व का मान्य होगा। ग्रेडेशन, अंकसूची अंक के अभाव में अमान्य है। अतः कृपया अंक गणना हेतु यथोचित अंकसूची पोर्टल में अपलोड किया जावे अन्यथा आवेदन निरस्त किया जायेगा।
6. गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की महिला होने पर प्रभावशील सूची (सामाजिक आर्थिक एवं जाति जनगणना 2011 सर्वे सूची) से सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की अपलोड करने पर ही अंक दिया जायेगा, राशनकार्ड की प्रतिलिपि मान्य नहीं है।
7. जिन प्रमाण पत्रों के आधार पर अंक प्रदान करते हुए प्रावधिक चयन सूची जारी की जानी है, समस्त प्रमाण पत्र आवेदन के साथ पोर्टल पर अपलोड करने पर ही मान्य किया जावेगा।
8. आवेदन करने के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।
9. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/मिनी कार्यकर्ता/सहायिका पद से बर्खास्त आवेदनकर्ता को अपात्र माना जावेगा।

विशेषः– दावा आपत्ति आवेदन के साथ पोर्टल पर अपलोड वैध दस्तावेज के आधार पर किये दावा आपत्ति ही विचारणीय होंगे।

उपरोक्तानुसार अर्हता रखने वाले इच्छुक आवेदिका रिक्त पद हेतु आवेदन ऑनलाईन पोर्टल https://aww.e-bharti.in/ के माध्यम से कर सकते है। ऑफलाईन आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

POONAM SINGH
Digitally signed by POONAM SINGH
Date: 2026.10.26 16:45:38 +05'30'

परियोजना अधिकारी
एकीकृत बाल विकास परियोजना
भैरमगढ़,जिला–बीजापुर

पृ0क्रमांक/739A/ए.बा.वि./कार्य.सहा.भर्ती/2026–27 भैरमगढ़ दिनांक 26/10/2026

प्रतिलिपिः–

1- संचालक, संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2- कलेक्टर महोदय, जिला बीजापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3- जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला–बीजापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
4- अनुविभागीय अधिकारी (रा0), विकासखण्ड भैरमगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ।
5- मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत भैरमगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
6- खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड भैरमगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ।
7- खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड भैरमगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ।
8- सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत .....की ओर सूचनार्थ।
9- पर्यवेक्षक, सेक्टर भैरमगढ़ की ओर आव यक कार्यवाही कर प्रचार–प्रसार मुनादी का पावती दस्तावेज दिनांक .....के पूर्व इस कार्यालय में अनिवार्यतः प्रस्तुत करें।
10- नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु परियोजना कार्यालय ए0बा0वि0परि0 भैरमगढ़।